# झांसी व कानपुर के बीच बसाया जा रहा नया औद्योगिक शहर

राब्यू, जागरण, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार 36,000 एकड़ भूमि पर झांसी और कानपुर के बीच में नए औद्योगिक शहर बीडा को बसाने की कार्रवाई को आगे बढ़ा चुकी है। बीडा के बसने के साथ ही हम वहां पर एयरपोर्ट की सुविधा देंगे। लखनऊ और उसके आसपास के छह जिलों को जोड़कर स्टेट कैपिटल रीजन भी बनाया जा रहा है। बीते साढ़े सात वर्ष में प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर किया गया है। आज प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे और हवाई कनेक्टिविटी शानदार है।

**खन्ना बोले, हासिल करेंगे वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्यः** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर प्रदेश की लगातार सुदृढ़ हो रही वित्तीय स्थिति का जिक्र करते हुए विश्वास जताया कि हम निश्चित रूप से वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश की जीएसडीपी 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो इस बार के बजट में 25.99 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। भारत सरकार ने तो हमारी जीएसडीपी का अनुमान 27.51 लाख करोड़ रुपये लगाया है। उन्होंने कहा कि यूपी की औद्योगिक प्रगति तमिलनाडु और तेलंगाना से भी बेहतर है।




लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में उन्नाव के यूपीडा इंडस्ट्रियल कारिडोर में ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना के लिए लेटर आफ कंफर्मेशन प्रदान करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह • सूचना विभाग

**नन्दी बोले, सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं** : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि इंसेंटिव वितरण कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर उद्यमियों से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता रही है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान अराजकता और माफियाराज के कारण होती थी। न तो निवेश सुरक्षित था और न ही निवेशक। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था एक मिसाल बनी है। कृषि, डाटा सेंटर, आइटी, फूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म, एजुकेशन, ईवी, हेल्थ और सर्विस सेक्टर समेत सभी क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव धरातल पर आकार ले रहे हैं।

**पढ़ें उप्र की अन्य खबरें** www.jagran.com/state/uttar-pradesh **पर**